तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024

10 एनसीसी कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के ...



10 शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी ...





## खबर संक्षेप

### शहर में मेंटनेंस जारी, आज बिजली रहेगी बंद

**कांकेर।** विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता सतीश किण्डो ने बताया कि मेंटीनेंस कार्य के तहत आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग के जानकारी के अनुसार 132, 33 केव्ही उच्च दाब उपकेंद्र कांकेर में अति आवश्यक सुधार मेंटेनेंस वर्क कार्य किया जाएगा, जिस कारण समय अवधि गुरुवार 1 फरवरी को 132,33 केव्ही उच्च दाब उपकेंद्र ठेलकाबोंड कांकेर से निकलने वाली 33 केव्ही फीडर नगरी से संबंधित समस्त ग्राम, 33 केव्ही फीडर नरहरपुर से संबंधित समस्त ग्राम, 33 केव्ही फीडर सिंगारभाट से संबंधित समस्त ग्राम और 33 केव्ही फीडर समस्त कांकेर शहर में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### युवक की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बांगाबाटी निवासी 18 वर्षीय पंकज कुमार पिता सियाराम का ईलाज के दौरान जिला अस्तपाल में 30 जनवरी की रात को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड ब्वॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर सेवन कर लिया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया था। ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**सियासत :** चारों जिले के भाजपाई अभी से तैयारी में जुट जाएं, योजनाओं की गांव में दें जानकारी

# विकसित भारत का सपना तब होगा पूरा जब बनेगी भाजपा की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर







- कांकेर में लोकसभा चुनाव के केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ कर चुनाव का किया आगाज

भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा मुख्यालय कांकेर में लोकसभा चुनाव का केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ 31 जनवरी को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी और छग शासन के राजस्व एवं आपदा, युवा कल्याण खेल मंत्री टंकराम वर्मा के द्वारा फीता काटकर व पंडित के मंत्रोचार के साथ किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि चारों जिले के कार्यकर्ता पूरे जोश से भाजपा के लिए काम करेंगे, यही मेरा विश्वास है वहीं राजस्व मंत्री ने कहा कि केन्द्र में फिर से भाजपा की सरकार बनानी है जिससे 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने हेतु आगे कदम बढ़ाया जा सके। बीजापुर में नक्सली हमले में शहीद जवानों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई ।

भाजपा के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने कहा कि हमने चुनाव की घोषणा से ही पहले ही लोकसभा मुख्यालय कांकेर में लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलकर कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। प्रदेश में तो हमारी सरकार बन गई है, अब पुनः केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाकर डबल इंजन वाली सरकार बनानी है। कांकेर लोकसभा में जीत का परचम लहराना है। केन्द्र में भाजपा सराकर की वापसी के बाद छग को विकास के रास्ते पर तेजी से दौड़ायेंगे। भाजपा की सरकार जन आंकाक्षाओं को पूरा करने वाली सरकार है। कांकेर लोकसभा अंतर्गत चार जिले आते है और चारों जिले के कार्यकर्ता पूरे जोश से भाजपा के लिए काम करेंगे, यही मेरा विश्वास है। टिकट तय करने का काम केंद्रीय चुनाव समिति का है और प्रत्याशी को जिताने के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं को अंतिम गांव के अंतिम मतदाता तक पहुँचाना भाजपा के कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। राजस्व एवं आपदा, युवा कल्याण खेल मंत्री मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छग में मोदी की गांरटी ने जादू किया और हमने सत्ता में वापसी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी को पूरा करने छग सरकार ने पहली केबिनेट में ही कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिससे चुनाव में की गई घोषणाओं को पूरा करने कार्ययोजना बन गई है। पहली केबिनेट ▶▶| शेष पेज 08 पर

### कांकेर लोकसभा की जीत बड़े अंतर से होगी

कांकेर विधायक आशाराम नेताम व केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कांकेर लोकसभा में जीत के प्रति आशान्वित होते हुए कहा कि कांकेर सहित देश के सभी सीटों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही चुनाव लड़ रहे है इसलिए हमें पूरी ताकत से चुनाव लड़ना है। कांकेर सीट को बहुत अंतर के साथ जीत हासिल की जाएगी। अभी हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव को हमने भारी बहुमत से जीता है । आगामी लोकसभा चुनाव में भी सभी 11 सीटें जीतेंगे। लोकसभा संयोजक भरत मटियारा और लोकसभा सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा ने भी अपने विचार रखे। भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कार्यालय उदघाटन पर उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार माना।

### कार्यालय शुभारंभ में यह रहे उपस्थित

कार्यालय शुभारंभ के अवसर पर पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, श्रवण मरकाम, यज्ञदत्त शर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश मंत्री महेश जैन, बस्तर संभाग के सह संगठन प्रभारी निरंजन सिन्हा, परमानंद तेता, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, अनूप राठौर, राजा देवनानी, टेकेश्वर जैन, विजय मंडावी, दीपक खटवानी, संजय सिन्हा, देवेंद्र भाऊ, पंचूराम नायक, भूपेंद्र नाग, अजय पप्पू मोटवानी, तारा ठाकुर, मीरा सलाम, मीना उके, उगेश्वरी उइके सहित कांकेर लोकसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## महुआ शराब की अवैध बिक्री 5 कोचियों पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा की सरकार बनने के बाद से लगातार पुलिस अवैध देशी व अंग्रेजी शराब बेचने वालों पर लगातार कार्यवाही कर रही है, वहीं कांकेर पुलिस ने अभी तक सट्टा पर कोई बड़ी कार्यवाही नहीं किया है। सट्टा का खेल बड़े स्तर पर चल रहा है, इसमें कई सफेदफोश शामिल है, इसी के चलते कार्यवाही नहीं हो पा रही है, यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

दुर्गुकोंदल थानांतर्गत वाटिनटोला निवासी धनीराम नुरूटी पिता गागरूराम के कब्जे से पुलिस ने 30 जनवरी को सुबह साढ़े बजें साढ़े 5 लीटर महुआ शराब कीमत 690 रूपएं को जप्त किया। इसके अलावा कच्चे चौकी पुलिस ने तीन अलग-अलग जगह पर छापामार कार्यवाही करते हुए तीन लोगो को अवैध शराब के साथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार 30 जनवरी को आरोपी भुरसापारा निवासी नंदराम गावड़े पिता गरिबा के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब और नगद 250 रूपएं को जप्त किया। भुरसापारा निवासी मनीष कावड़े पिता बिखराम के कब्जे से 30 जनवरी को सायं साढ़े 4 बजें 7 लीटर महुआ शराब और नगद 200 रूपएं को जप्त किया। भुरसापारा निवासी 55 वर्षीय धनीराम कोला पिता साधूराम के पास से 30 जनवरी को सायं करीबन 6 बजें 8 लीटर महुआ शराब कीमत 1 हजार 845 रूपएं व नगद 350 रूपएं को जप्त किया गया। पुलिस ने संबंधित इन सभी मामलो में संबंधित थाने की पुलिस टीम ने सभी शराब कोचियो के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। गाँव-गाँव में देशी शराब बेचने ▶▶| शेष पेज 08 पर

## शिविर के लिए प्रोत्साहन राशि का सत्यापन नहीं कराने पर तहसीलदार को नोटिस के निर्देश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर।


- जिले में 1 फरवरी से समाधान शिविरों का होगा आयोजन
- धान की अवैध आवक रोकने संबंधी निगरानी टीम एवं विक्रय पर निर्देश जारी

प्रदेश के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आम लोगों की समस्याओं को दूर करने गुरूवार 01 फरवरी से ग्राम स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मुख्य सचिव के आदेश को क्रियान्वयन को लेकर समाधान शिविर को लेकर तैयारी करने निर्देशित किया। उन्होंने इसके लिए योजनावार प्रारूप तैयार करने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। वर्ष 2014-15 और 2015-16 में किसानों को वितरित की गई प्रोत्साहन राशि का सत्यापन अब तक नहीं कराए जाने पर नरहरपुर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश एसडीएम कांकेर को दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 31 जनवरी की सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने प्रकरणवार समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व के सारे प्रकरण निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर न जाएं, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। राशन कार्ड नवीनीकरण में तेजी लाने तथा इसकी सतत मॉनिटरिंग करने के लिए कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की तिथि में संशोधन किए जाने के संबंध में उन्होंने जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध रूप से धान की आवक पर रोक लगाने सतत निगरानी करने एवं विक्रय के लिए लाए गए धान का किसान के रकबे से मिलान करने के उपरांत ही खरीदी करने के निर्देश खाद्य अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में स्थित संयुक्त कार्यालय भवन के विभिन्न विभागों में विद्युत देयकों के भुगतान लंबित होने के मामले में सभी कार्यालय प्रमुखों को बकाया राशि का भुगतान शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वित्तीय वर्ष के अंतिम माह से पहले आवश्यक बजट की मांग एवं उसका आहरण फरवरी माह में पूर्ण कर लेने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने स्थानांतरित होकर जिले में आए अधिकारियों व कर्मचारियों को जिले की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा वोटर्स एप के माध्यम से जानकारी अद्यतन करने के भी निर्देश ▶▶| शेष पेज 08 पर

## चालक की लापरवाही से बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो सवार गंभीर



**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत मटियाखार के पास 30 जनवरी की सुबह करीबन 9 बजें बाईक चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से बाईक चालक समेत पीछे बैठे 17 साल के लड़के को भी चोट आया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिकसोड़ थाना में पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बांसला निवासी 17 वर्षीय डोमन नरेटी पिता श्याम सिंह नरेटी ने बताया कि अपने मामा के घर ग्राम मण्डागांव में रहता हूँ और वही खेती किसानी का काम करता हूं। मैं अपने भाई भोजेंद्र दुग्गा के साथ 30 जनवरी को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 0994 मैं बैठकर पोरोण्डी जा रहे थे। मोटर सायकल को भोजेन्द्र दुग्गा चला रहा था और मैं पीछे बैठा हुआ था। 30 जनवरी की सुबह करीबन 9 बजे हम लोग ग्राम मटियाखार पहुंचे थे, तभी भोजेन्द्र दुग्गा ने अपने मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्राम मटियाखार मेन रोड पर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम दोनो जमीन पर गिर गए। जमीन में गिरने से मेरे सिर, दोनो हाथ, कमर व दोनों पैर पर चोंट लगा हैं और वाहन चालक भोजेन्द्र को भी चोंट लगा हैं। चोट लगने पर हम लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मोटर सायकल में पीछे बैठे व्यक्ति की शिकायत पर मोटर सायकल चला रहे भोजेंद्र दुग्गा के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बोर्ड की तर्ज पर 10वीं-12वीं की दो से प्री बोर्ड परीक्षा होगी

**कांकेर।** जिले में 02 फरवरी से समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, इसके सुपरवीजन के लिए बीईओ, एबीईओ व बीआरसीसी को टीम गठित कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मॉनिटरिंग टीम नियमित रूप से परीक्षा अवधि में निरीक्षण पर रहेंगे। छमाही परीक्षा में मेरिट के लिए चिन्हांकित छात्र-छात्राओं का मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन भी विकासखंडवार करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों को आमंत्रित कर बच्चों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्री बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन का दायित्व अन्य संस्था को सौंपा गया है, ताकि अच्छे से मूल्यांकन संभव हो एवं बच्चों के उत्तर पुस्तिका में मूल्यांकनकर्ता द्वारा और कैसे अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं अपने टीप अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस प्रकार से दो विशेषज्ञों द्वारा टीप करने से छात्रों को आदर्श उत्तर लेखन के लिए उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि सभी बोर्ड परीक्षा के छात्र परीक्षा में शत प्रतिशत उपस्थित हों एक भी छात्र परीक्षा से वंचित ना रहे। साथ ही प्रयास किया जाए कि परीक्षा अवधि के बीच में कोई भी छात्र परीक्षा से में अनुपस्थित ना रहे।

## 178वीं वाहिनी बीएसएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए एक कदम और बढ़ाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के लिए अभियान का सिलसिला

178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के सीओबी मेंड्रा के अंतर्गत शास्कीय प्राथमिक पाठशाला, नदीचुआ में जन कल्याण योजना के तहत सिविक एक्शन प्रोग्राम और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को जरूरत के सामान बांटे गए।

178 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जेआर कुजुर ने उपास्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल अंतर्राष्ट्रीय सीमा की निगरानी तथा आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों, स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन और समाज को जागरूक करने के लिए सहयोग करती है। सिविक एक्शन कार्यक्रम गांव वालों को मुख्य धारा से जोड़ने व उनके कल्याण के लिए किया जा रहा है। आम लोग सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि हम युवाओं के समग्र विकास के लिए खेलकूद व शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर इस दुर्गम इलाके में उपलब्ध करवा कर हम लोग बच्चों एवं युवाओं के सामूहिक विकास के लिए प्रयासरत है। सुरक्षाकर्मियों द्वारा दिन प्रतिदिन नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम किए जा रहे हैं, वैसे लोगों का विश्वास सुरक्षा बलों के प्रति बढ़ता जा रहा है। सिविक एक्शन के साथ-साथ बच्चों को सुरक्षा बल में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया साथ ही समय-समय पर फोर्स में होने वाली भर्ती के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में सीओबी मेंड्रा के अंतर्गत ग्राम मेंद्रा, नदीचुआ, पटेलपारा, बिचपारा उर्पंजुर, कर्रेमारका, मुदला, होकरटोला, मारकाचूआ के ग्रामीण तथा स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की जरूरतो को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री जैसे पानी की टंकी, साइकिल, कंबल, साड़ी, इमरजेंसी टॉर्च, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशनरी आइटम्स तथा साथ ही गांव के युवाओं को वालीबाल, स्पोर्ट्स ड्रेस तथा खेलकूद के सामान का वितरण किया गया। चिकित्सा अधिकारी अंकित यादव तथा मेडिकल स्टाफ के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराया एवं दवाइयां बांटी गई।

सिविक एक्शन प्रोग्राम में सहायक कमांडेट अजीत कुमार, अधीनस्थ अधिकारी तथा जवानों समेत गाँव के ग्रामीण तथा स्कूलों के छात्र छात्राएं, जग्गू सलाम सरपंच ग्राम पंचायत मेंड्रा, बल्ली वड्डे युवा संगठन प्रधान सालेपारा, हंसराज मंडावी मेंड्रा स्कूल संकुल प्राचार्य शमिल रहे।

**पोर्टल में मिलेगी खसरे और बाजार मूल्य की जानकारी**

# एनजीडीआरएस प्रणाली लागू, घर पर रजिस्ट्री के लिए आवेदन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

### खास बातें

- पंजीयक कार्यालय में आवेदन और घंटों इंतजार से छुटकारा मिलेगा
- नए साफ्टवेयर का अधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया
- दो गवाहों की फोटो और हस्ताक्षर के बाद पंजीयन शुल्क की रसीद जनरेट की जाएगी




जमीन और मकान की रजिस्ट्री कराने के लिए आवेदन देने भू-स्वामियों को अब पंजीयक कार्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी, बल्कि घर बैठे ही अब आवेदन कर सकेगे। यही नहीं एनजीडीआरएस प्रणाली के लांच होने से भू- स्वामियों को पोर्टल में नक्शे, खसरे और संपत्ति के बाजार मूल्य की भी जानकारी मिल जाएगी। नई प्रणाली से रजिस्ट्री शुरू होने से भू-स्वामियों का समय काफी बच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने जमीन और मकानों की रजिस्ट्री के लिए अब केंद्र सरकार के एनजीडीआरएस प्रणाली को कांकेर जिले में 23 जनवरी से लागू कर दिया गया है। इस प्रणाली के तहत जमीन की रजिस्ट्री में अब भू-स्वामियों को पंजीयक कार्यालय में आवेदन और घंटों इंतजार करने से न केवल छुटकारा मिलेगा, बल्कि फर्जी रजिस्ट्री के प्रकरणों में भी कमी आ जाएगी। एनजीडीआरएस प्रणाली के तहत भू-स्वामियों को रजिस्ट्री के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। भू-स्वामी अपने घर से ही मनमुताबिक समय लेकर रजिस्ट्री दफ्तर में पहुंच सकते हैं। बताया जाता है कि इस पोर्टल में एक घंटे में दस स्लाईड दिए गए हैं। इन स्लाईड में रजिस्ट्री का समय दिया गया है। केंद्र सरकार की एनजीडीआरएस प्रणाली के तहत कांकेर जिले में 23 जनवरी से रजिस्ट्री शुरू हो गई है। नए साफ्टवेयर को लेकर यहां पदस्थ अधिकारियों और कर्मियों को बकायदा प्रशिक्षण भी दिया गया है।

### 25 मिनट में होगी रजिस्ट्री

एनजीडीआरएस प्रणाली के तहत भू-स्वामियों द्वारा अपाईमेंट लेने के बाद तय समय से दस मिनट पहले पंजीयन कार्यालय पहुंचना होगा। इसके बाद पक्षकारों का बायोमैट्रिक सिस्टम से फोटोग्राफ्स एवं फिंगर प्रिंट लिया जाएगा। दो गवाहों की फोटो और हस्ताक्षर के बाद पंजीयन शुल्क की रसीद जनरेट की जाएगी। इसके बाद रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जनरेट किया जाएगा और फाईनल स्कीनिंग कर अपलोड कर दिया जाएगा, जिससे रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### सिटीजन पोर्टल में रहेगी जानकारी

नई प्रणाली में सिटीजन पोर्टल में सभी जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसमे पक्षकारों को स्टांप ड्यूटी, बाजार मूल्य, पंजीयन शुल्क, बी-वन, नक्शा खसरा आदि सभी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। आवेदन के बाद उन्हें दस्तावेज लेखकों से रजिस्ट्री टाईप करवाकर उसे कार्यालय में जमा करना होगा।

### नई प्रणाली से अब रजिस्ट्री

जिला पंजीयक सोनाली बोरडे ने बताया कि एनजीडीआरएस प्रणाली से जिले में रजिस्ट्री शुरू हो गई है। इस नई प्रणाली से भू-स्वामियों को काफी सुविधाएं मिल जाएगी। रजिस्ट्री के लिए आवेदन घर से ही कर सकेंगे और पोर्टल में खसरे व बाजार मूल्य की जानकारी भी मिल जाएगी।

## सात दिनी कबड्डी एवं क्रिकेट स्पर्धा आज से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी में एमआई पलटन भंडारडिग्गी एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत के तत्वाधान में सात दिवसीय कबड्डी एवं क्रिकेट प्रतियोगिता विधायक ट्रॉफी 2024 स्व. मनोज सिंह मंडावी भूतपूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष के स्मृति में प्रतियोगिता आज 1 फरवरी से आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के संरक्षक सरपंच धनेश नरेटी ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 15000 रूपए एवं ट्रॉफी व कबड्डी महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 5000 रूपए, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए एवं अन्य पुरस्कार दिया जाएगा।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### शहीद दिवस पर रखा दो मिनट का मौन

**धमतरी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्टर नम्रता गांधी सहित अधिकारी, कर्मचारियों ने सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया। गौरतलब है कि यह दिवस महात्मा गांधी का निर्वाण दिवस है। इसे जिले में शहीद दिवस के तौर पर मनाया गया।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के पितृशोक कार्यक्रम में शामिल हुए साहू समाज के प्रदेश महामंत्री

**धमतरी।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव के पिता का बीते दिनों स्वर्गवास हो गया। तेरहवीं कार्यक्रम में प्रदेशभर के दिग्गज एवं एवं भाजपा- कांग्रेस से जुड़े हुए सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। साहू समाज की ओर से प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू शामिल हुए और स्व. श्री देव को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आम जनता के प्रति सेवाभावी कार्यों को स्मरण किया। श्री साहू के साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश ठोकने एवं साहू समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी हिरेंद्र साहू भी उपस्थित थे।

### खुलेआम शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई नहीं

**भानुप्रतापपुर।** शराबियों के चलते क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अवैध शराब व्यापारी गांव गांव में सक्रिय हैं और बेखौफ होकर अंग्रेजी एवं महुआ शराब की बिक्री कर रहे हैं। ब्लाक मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है। आखिकार कोचियों को किसकी संरक्षण है जो खुलेआम अवैध शराब बिक्री पर जोर दिया जा रहा है।
आपको बता दें कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार दिन प्रतिदिन पनपता जा रहा है। महुए की शराब बनाकर नशे के कारोबार को संरक्षण मिलने पर बढ़ावा मिल रहा है। तो वहीं अंग्रेजी शराब भी आसानी से ग्रामीण अंचल में मिल जा रहा है आबकारी विभाग द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है।
कच्चे पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम भीरावाही स्कुलपारा निवासी राजेश रावटे पिता जगदेव रावटे उम्र 37 वर्ष सा.भीरावाही स्कुलपारा अपने घर के पीछे बाडी मे अवैध रूप से देशी महुआ शराब बेच रहा है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 05 05 लीटर के दो सफेद रंग की जरकीन मे 08 लीटर हाथ भट्टी से बना देशी महुआ शराब कीमती 1800 रू. एवं बिक्री रकम 150 रूपये के साथ आरोपी को पकड़ा है।

### बालसंस्कार शाला के बच्चों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**धमतरी।** गायत्री परिवार मुजगहन द्वारा धूनादास मंदिर प्रांगण स्थित गायत्री मंदिर में बाल संस्कार शाला का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में 25 छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। संस्कार शाला के आचार्य ओमप्रकाश नाग ने बताया कि यहां आध्यात्मिक क्रियाकलाप के अंतर्गत ध्यान साधना, प्रार्थना, भक्ति गीत, शारीरिक शिक्षा अंतर्गत योग, मनोरंजक खेलकूद के साथ गीत संगीत, नैतिक शिक्षा का भी अभ्यास कराकर उनका सर्वांगीण विकास किया जाता है। मानस मंच में बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ करने का अवसर प्रदान किया गया।

**सियासत :** गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान की शुरूआत 4 से

# कमल सदन में चुनावी तैयारी पर हुई कार्यशाला, काम करने के हुनर बताए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर






भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय कमल सदन कांकेर में शक्ति वंदन, महिला स्व. सहायता समूह व एनजीओ संपर्क अभियान एवं गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लटिया ने कहा कि गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत हमे पोलिंग बूथ में 24 घंटा का समय देकर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुचना एवं संगठन को मजबूती प्रदान करना। महिला स्व. सहायता समूह व एनजीओ संपर्क अभियान प्रदेश सह संयोजक एवं महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि महिलाओं से संबंधित केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुचना एवं लाभार्थी बहनों से मिलकर सेल्फी अभियान के तहत मोदी एप में डॉउनलोड करना, विधान सभा स्तरीय शक्ति वंदन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना तय किया गया। महतारी वंदन योजना मोदी जी की गारंटी पर महिलाओं ने विश्वास कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाई। इसी तारतम्य में हमारी महिलाएं लोक सभा चुनाव एक जुट होकर एक बार फिर से केंद्र में मोदी जी की सरकार बनाएंगे।

शक्ति वंदन की जिला संयोजक व जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यशाला में बताया कि महिला स्व. सहायता समूह के बीच जाकर अधिक से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प से जोड़ना व मंडल एवं पोलिंग बूथ की प्रभारी बनाने के साथ-साथ चाय पे चर्चा करते हुए 100 बहनों की वाट्सएप ग्रुप तैयार करने की बात कही।

कार्यशाला के दौरान निरंजन सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर, गांव चलो अभियान के जिला संयोजक हीरा मरकाम, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भरत मटियारा, गांव चलो अभियान अभियान के जिला सह संयोजक संजय सिन्हा, स्वपन तरफदार, देवेंद्र भाऊ, तारा ठाकुर, गौतम उइके, मोनिका साहा ,राजा देवनानी, उमा शर्मा, मीरा सलाम, शकुंतला नरेटी, विजय मंडावी, राजेन्द्र गौर, दीपक खटवानी, यशवन्त सुरोजिया, मुकेश संचेती, राम कुमार रायस्त, प्रकाश जोतवानी, पंचूराम नायक, श्यामल मंडल, अंशु शुक्ला, डॉ. देवेंद्र साहू, घनेन्द्र ठाकुर, राधेलाल नाग, चंद्र प्रकाश ठाकुर, मोती राम नाग, गिरधर यादव, लोकेश्वर सेन, टिकेश्वर जैन सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

## कनिष्ठ लेखा अधिकारी एवं भृत्य को सेवानिवृति पर दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

आदिवासी विकास शाखा के सहायक आयुक्त कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ लेखा अधिकारी बीएम रथ एवं भृत्य मुरली प्रधान के लिए बुधवार को आदिवासी विकास शाखा सहायक आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे के द्वारा दोनों के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए शाल एवं श्रीफल द्वारा उनका सम्मान किया गया। सभी ने दोनों के स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार बघेल, रूखमणी उईके, यशवंत सिंह, एलडी साहनी, एलएन सोनवानी, नरेश पाण्डे, ज्ञानेश देवांगन, सम्मुख राव, अमीर शोरी, महेन्द्र दिवान, भारती पाण्डे, तरूण नेताम, भुपेन्द्र पाणिग्रही, सगरू पटेल, पन्ना पाण्डे सहित कार्यालय के सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे।




## पारिवारिक रंजिश : भतीजा समेत परिजनों पर प्राणघातक हमला, चाचा जेल दाखिल

**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक स्कूल बोटेचांग पंजियारपारा में पदस्थ चपरासी एवं उसके परिवार के सदस्यों पर पारिवारिक रंजिश को लेकर चाचा ने कुल्हाडी से प्राणघातक हमला बोल दिया। चपरासी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुँचे पीड़ति कृष्ण कुमार नुरेटी ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम बोटेचांग पंजियारपारा का रहने वाला और गांव के प्राथमिक शाला स्कूल में चपरासी के पद पर कार्यरत हूँ। 29 जनवरी की रात लगभग 10 बजे पत्नि दिपेश्वरी नुरेटी, पुत्री अर्चना नुरेटी, पुत्र अरूण नुरेटी सहित खाना खाकर सो गए थे, इसी दिन रात 11 बजे मेरे चाचा कमलेश नुरेटी घर में लगे दरवाजा को अपने हाथ में रखे कुल्हाड़ी से तोड़कर हमारे कमरा अंदर घुसकर कहने लगा कि तुम लोगों को आज जान से मार दूंगा, ऐसा बोलते हुए कुल्हाड़ी से मेरे बांए कान , पीछे गर्दन व पत्नि दिपेश्वरी नुरेटी के गर्दन के पीछे दाहिने कंधा के पास, बेटी अर्चना नुरेटी के दाहिना कान, बांए हाथ एवं पुत्र अरूण नुरेटी के बांए आंख, कान, गाल में ताबड़तोड़ हमलाकर चारों लोगों पर प्राणघातक हमलाकर कमलेश नुरेटी हमारे कमरा से निकल कर बस्ती गली तरफ भाग गया। घटना को देखकर प्रार्थी की भाई बहू सुरजबत्ती नुरेटी ने परिवार व गांव वालों को बताया, उसके बाद परिजन एवं गांव वालें आए और हम चारो लोगों को घायल अवस्था में देखकर 108 वाहन को बुलाकर चारों लोगों को 108 वाहन से ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र



भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307, 452 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने मामला दर्ज करते ही आरोपी कमलेश नुरेटी पिता शंभूराम नुरेटी को दबोचा, जिसने पुरानी पारिवारिक रंजिश के कारण अपराध घटना कारित करना कबूल करने से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



### आयल पाम की खेती के लिए कोसागांव का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव विकासखण्ड के कोसागांव में ऑईल पाम की खेती का अवलोकन किया और किसानों से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान किसानों को ऑईल पॉम के साथ ही अन्य अंतरवर्ती फसल लेने के लिए प्रेरित किया। बातचीत के दौरान किसानों ने बताया कि यहां 2.4 हेक्टयेर क्षेत्रफल में ऑइल पॉम के पौधे लगाए गए हैं तथा प्रति एकड़ 20 हजार रुपए का अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने किया लंजोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव ब्लाक के ग्राम लंजोड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां टीका भण्डारण कक्ष का निरीक्षण करते हुए टीकों के उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने यहां ओपीडी संचालन के समय की जानकारी लेते हुए ओपीडी पर्ची ऑनलाइन ही जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान दवा भण्डारण कक्ष का अवलोकन किया और दवाईयों की जानकारी ऑनलाइन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां संचालित माईनर ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण करते हुए इसे व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने खिड़की दरवाजों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय सरपंच और उप सरपंच से भेंट करते हुए गांव में संचालित विकास कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलाए जा रहे महा अभियान में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने हेतु प्रेरित करने का आग्रह भी किया।



## सोनाबाल स्कूल में आयोजित किया गया आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव के उच्च प्राथमिक शाला सोनाबाल में मंगलवार को आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में गुपचुप, चाट, बड़ा, भजिया , भेल, पास्ता, गुलाब जामुन, समोसा, मिक्चर ,बेर , साग– सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थों के विभिन्न दुकान लगाए गए। जिसमें छात्र–छात्राओं ने आनंद मेले पर लगी दुकान पर खरीदारी एवं बिक्री करने का आनंद लिया। इस मौके पर संकुल के अंतर्गत अन्य स्कूलों से भी छात्र–छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 29 फरवरी तक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी माह में राशन लेने के लिए दुकान पहुंचने वाले सभी हितग्राहियों से आवेदन अनिवार्य रुप से प्राप्त कर लिया जाए, जिससे नवीनीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण की जा सके। प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अभियान 25 जनवरी 2024 से प्रारंभ हो चुका है। इसी कड़ी में जिले के 1 लाख 47 हजार 548 राशन कार्डों का नवीनीकरण कार्य भी किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से 29 फरवरी के दौरान किया जाएगा। राशनकार्ड नवीनीकरण खाद्य विभाग द्वारा नया मोबाइल एप्प तैयार किया गया है, जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाइल में डाउनलोड कर इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।



## कलेक्टर ने किया बोरगांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव ब्लाक के ग्राम बोरगांव स्थित धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान धान बेचने आए किसान सोमारु से बातचीत की। सोमारु ने इस दौरान बताया कि उन्हें वन अधिकार पत्र प्राप्त हुआ है तथा वे पहली बार धान बेचने आए हैं। कलेक्टर ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोमारू से धान बेचने के दौरान उनके अनुभवों को जाना। श्री सोमारु ने कहा कि वे पहली बार धान बेचने आए हैं तथा यहां आसानी से खरीदी का कार्य होने से वे बहुत ही खुश हैं। कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे धान का सत्यापन भलीभांति करें। इसके साथ ही धान के गुणवत्ता की भी जांच करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कावेरी मरकाम, सहकारी समितियों के सहायक पंजीयक केएल उईके, खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी संत कुमार कन्नौजिया सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

**कोसागांव आश्रम के अधीक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निलंबित करने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने शासकीय संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव



कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव विकासखण्ड में विभिन्न शासकीय संस्थानों के साथ ही विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कोसागांव स्थित आश्रम तथा आंगनबाड़ी में पाई गई अनियमितता पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और आश्रम के अधीक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आश्रम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक स्तर की जांच की। उन्होंने भोजन के मेन्यू का प्रदर्शन करने तथा मेन्यू के अनुसार ही भोजन तैयार करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने यहां खराब विद्युत उपकरण तथा बंद पड़े वाटर कूलर को तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही खिड़कियों में जाली लगवाने तथा बच्चों को उपयोग हेतु मच्छरदानी प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहां नए गद्दों के स्थान पर पुराने गद्दों के उपयोग करते हुए पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही बच्चों के उपयोग के लिए प्रदान किए गए खेल सामग्री का वितरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहां कमरों का उपयोग समुचित ढंग से न किए जाने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने यहां जर्जर प्राथमिक शाला भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव रखने के निर्देश दिए। यहां आंगनबाड़ी केन्द्र में निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यकर्ता को निलंबित करने के निर्देश दिए।

### कंप्यूटर प्रयोगशाला का होगा उन्नयन

कलेक्टर ने इसके साथ ही बोरगांव स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां बंद पड़े आरओ प्यूरीफायर मशीन की तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां कंप्यूटर प्रयोगशाला के उन्नयन के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही यहां निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया और कार्य की गति बढ़ाते हुए मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान यहां रसोईघर का निरीक्षण करते हुए बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की जानकारी ली। उन्होंने भोजन की मेन्यू का प्रदर्शन किए जाने के निर्देश भी इस अवसर पर दिए।

## पेज 7 का शेष

### विकसित भारत का ...

में ही छग में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के लिए करोड़ो की राशि आवंटित की गई । केन्द्र में फिर से भाजपा की सरकार बनानी है, जिससे 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए आगे कदम बढ़ाया जा सके। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार ने केन्द्रीय गरीब कल्याणकारी योजनाओं को रोक दिया था, परंतु छग में भाजपा सरकार बनने के बाद पुनः हमने गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया है ।
छग की जनता को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, नल-जल, मुफ्त राशन, आयुष्मान सहित सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा, बहुत जल्द ही नारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपएं मिलने लगेगा। कांकेर लोकसभा के कार्यकर्ता अपनी पूरी उर्जा के साथ चुनाव में अभी से जुट जाएं।

### महुआ शराब की ...

के लिए कई कोचिया है, जिनका जीवन इसी पर निर्भर है। देशी शराब पीकर विवाद होने के मामले भी उसी रफ्तार में बढ़े है। पुलिस ने विवाद होने के मामलो में कमी लाने के लिए ही देशी शराब बेचने वालों पर पर लगातार कार्यवाही कर रही है।

### शिविर के लिए ...

दिए। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में अधिग्रहित जमीन का भू-अर्जन, वन विभाग में लंबित भुगतान सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनपद पंचायतों में निर्माण कार्य, भृत्य नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

## खबर संक्षेप

### खाद्य निरीक्षक का हुआ कार्य विभाजन

**दंतेवाड़ा।** खाद्य निरीक्षक का जिला दंतेवाड़ा से जिला बेमेतरा में स्थानांतरण होने तथा उन्हें स्थानांतरित जिला हेतु भारमुक्त किये जाने के कारण पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश को संशोधित करते हुए जिले में पदस्थ सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों का कार्य विभाजन कर उन्हें निम्न विकासखण्ड आबंटित किया जाता है। जिसमें सहायक खाद्य अधिकारी योगेश कुमार मिश्रा नगरीय निकाय दंतेवाड़ा, प्रमोद कुमार सोनवानी खाद्य निरीक्षक नगरीय कुआकोण्डा नगरीय निकाय किरंदुल तथा सचिन कुमार खाद्य निरीक्षक कटेकल्याण तहसील बचेली के अंतर्गत दंतेवाड़ा ग्रामीण एवं नगरीय निकाय बचेली का सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक विभाग से संबंधित समस्त कार्यों का संपादन करेंगे।

### सलाहकार समिति के सदस्य बने कृष्णाकांत व शंभू





**दंतेवाड़ा/गीदम।** केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन के युवा कार्यक्रम के लिए जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्णकांत शिवहरे व शंभू यादव को नामित किया गया है। डीएसीवायपी के नामांकित सदस्य के रूप में कृष्णकांत व शंभू को दंतेवाड़ा जिले में युवा विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर मार्गदर्शन, सलाह और नए दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृष्णकांत व शंभू ने बताया कि युवा लोगों के जीवन में सार्थक योगदान देने और समुदाय में युवा कार्यक्रमों के भविष्य को आकार देने का एक अनूठा अवसर प्रदान हुआ है। अधिक से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवी कार्यक्रमों और अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने तथा नये अवसर प्रदान करने हेतु प्रयासरत रहेंगे।

### पोर्टल में आए समस्याओं का त्वरित निराकरण करें : चतुर्वेदी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में जिला कलेक्टर ने सर्वप्रथम पीएम सीएम पोर्टल में आए समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करें। साथ ही क्षेत्रीय खानपान को बढ़ावा देने के लिए शासकीय विश्राम घरों में स्थानीय प्राथमिकताओं को रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जारी मोबाइल नंबर पर आ रहे समस्याओं पर जल्द प्रतिक्रिया देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग या कार्यालय में कोई भी नस्ती लंबित न हो उसे तत्काल निराकरण करें। इसके साथ ही स्वांवलंबन योजना के तहत छोटी-छोटी दुकानें बनाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

### केरल से आए वाद्य कलाकारों ने किया चेण्डामेलम आयोजन


# 37 वां वार्षिक महोत्सव पर हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के वृंदावन कालोनी में स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर के 37 वां वार्षिक महोत्सव पर बुधवार की सुबह से पल्ली उणतर्ल, निर्माल्य दर्शन, अभिषेक, गणपति होम, ऊषा पूजा, एतिर्थ पूजा, पंदीराडी पूजा, भुतबली, कलश पूजा, नवकर्म पंच गण्यम, कलशाभिषेकम आदि आयोजित किया। इसके पश्चात श्री गणेश पूजा, अन्नपूर्णेश्वरी पूजा एवं दुर्गा देवी पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किए। शाम को दीपाराधना, भगवती सेवा, नैवेद्य, भुतबली विल्लक का आयोजन किया गया। उसके पश्चात रात्रि में केरल से आए वाद्य कलाकारों द्वारा चेण्डामेलम का आयोजन किया गया।

#### राम व हनुमान पूजा आज

बताया जा रहा है कि एक फरवरी को नियमित पूजा के अलावा श्री राम पूजा एवं श्री हनुमान पूजा का आयोजन रखा गया है। अय्यप्पा मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा में अष्ट द्रव्य गणपति होम, शनि दोष निवारण पूजा, मृत्युंजय होम, महासुदर्शन होम, नवग्रह पूजा, सर्व एश्वर्य पूजा, उमामहेश्वरी पूजा, धन्वंतरी पूजा एवं भगवती सेवा पूजा का आयोजन किया जाता है।





# सर्वआदिवासी समाज का होगा पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

सर्वआदिवासी समाज बीजापुर के कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष का है, जो आज से 5 माह पूर्व पूर्ण हो चुका है। किन्तु विधान सभा चुनाव के कारण सामाजिक संगठन का पुनर्गठन नहीं हो सका था। जिसके सम्बन्ध में गत रविवार को जिला सर्वआदिवासी समाज की बैठक प्रकाश नेताम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जिले में निवासरत आदिवासी समाज गोंड, मुरिया, परधान, हल्बा, दोरला, भतरा, कंवर, उरांव, कुड़क उरांव समेत समाज के सैंकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लेकर बीजापुर जिले की सर्व आदिवासी समाज की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। सामाजिक संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 4 फरवरी की तिथि तय की गई है।

बैठक में प्रकाश नेताम, बीएल पदमाकर, बीआर पुजारी, चन्द्रैया सकनी, नरेन्द्र बुरका, जमुना सकनी, अशोक तलाण्डी, भानुप्रताप चिड़ियम, हरिकृष्णा कोरसा, अमित कोरसा, पाण्डू तेलाम, राकेश गिरी, सुभाष कुड़ियम, बीएल पुजारी, महेन्द्र राना, सुकुलसाय तेलाम, कंडिक नारायण, भोलाराम अमान, जगबन्धु मांझी, हरिहर साहनी, कुंवर सिंह मज्जी, शिवकुमार पुनेम, अरुण कुमार सकनी, ककेम नारायण, अनसुर्या तालाण्डी, अनील बुरका, कामेश्वर दुब्बा सहित जिले भर के सैंकड़ों पुरुष, महिला व युवा उपस्थित रहे।

# जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर, सुनी कैदियों की अर्जी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला जेल दंतेवाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल के लाइब्रेरी का मुआयना करते हुए लाइब्रेरी में ज्ञानवर्धक और मनोरंजन पुस्तकें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कैदियों के मनोस्थिति और कौशल को ध्यान में रखते हुए 15 दिवसीय पेंटिंग सीखाने की कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही जेल में कैदियों के अर्जी पर जेल में खेल सामग्री, वाद्ययंत्र, टीवी की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। चतुर्वेदी ने कैदियों को मिलने वाले भोजन का अवलोकन करते हुए बंदियों के स्वास्थ्य पर चर्चा कर आवश्यकतानुसार दवाइयां उपलब्ध कराने को कहा। इस बीच जिला कलेक्टर विचाराधीन बंदियों से मुलाकात कर जेल में रहने के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत हुए। बंदियों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए वकील सुविधा दिलाने की अपील की। विगत दिनों से जिला जेल में चल रहे कौशल विकास कार्यक्रम में भाग लिए बंदियों को प्रमाण पत्र कलेक्टर द्वारा वितरित किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी जयंत नाहटा, जेल अधीक्षक जीएस सोरी उपस्थित थे।

■ ज्ञानवर्धक किताबें, टीवी, वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने दिया आश्वासन

# मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र में हुआ मातृशक्ति सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र हीरानार में आज मातृशक्ति सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें बस्तर संभाग के सभी जिलों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी, विशिष्ट अतिथि स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती व जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम मौजूद थे। बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित व पिछड़े हुए इलाके में समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आने वाली महिलाओं में सबसे पहला नाम डॉ बुधरी ताती का है। जिन्होंने अपना पूरा जीवन बच्चियों, महिलाओं के उत्थान व बुजुर्गों की सेवा में समर्पित कर दिया। वे विगत 35 साल से इस दिशा में सक्रिय है। डॉ बुधरी ताती ने महिला होने के बावजूद इंद्रावती नदी के दूसरी तरफ स्थित अबूझमाड़ इलाके में भी महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया और बच्चियों को शिक्षित किया।

#### महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

डॉ बुधरी ताती को विभिन्न राज्यों व संगठनों से कई पुरस्कार व सम्मान मिल चुके हैं। छत्तीसगढ़ शासन भी उन्हें वीरनी पुरस्कार से अलंकृत कर चुका है। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्व विद्यालय बिलासपुर उन्हें पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित कर चुका है। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लाक के हीरानार गांव के आदिवासी परिवार में जन्मी डॉ बुधरी ताती ने अब तक हजारों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। जिनमें कुछ सिलाई के क्षेत्र में, कुछ शिक्षिका व नर्स बनकर समाज में सेवाएं दे रही है। डॉ बुधरी ताती ने अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़कर हीरानार में मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र शुरू किया, जो विगत कई वर्षों से लगातार संचालित है।

### समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कई निर्णय

# आंध्रा समाज एसोसिएशन की हुई पहली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिला आंध्रा समाज एसोसिएशन का गठन हाल ही में सम्पन्न हुआ। समाज के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पहली बैठक जिला मुख्यालय स्थित श्री राम मंदिर परिसर में समाज के अध्यक्ष पी विजय की अध्यक्षता में आज सम्पन्न हुई। समाज के अध्यक्ष पी विजय ने बताया कि सुकमा में सभी समाज के सामाजिक संगठन है, किन्तु सुकमा जिला में आंध्रा तेलुगु समाज का जिला स्तर पर कोई संगठन नही होने से समाज को संगठित होने में कई समस्याएं सामने आ रही थी। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए सुकमा जिला आंध्रा समाज का पंजीयन करवाया गया। पी विजय ने बताया कि सुकमा जिला के तीनों विकासखंडों में 1400 से अधिक तेलुगु समाज के परिवार निवासरत है। जिले के समस्त तेलुगु समाज को एक जुट करने के लिए ही आंध्रा समाज एसोसिएशन का गठन किया गया है। समाज के गठन के पश्चात आयोजित आज की पहली बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास और उत्थान के लिये आवश्यक कार्ययोजना बनाकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिले, इस विषय पर चर्चा करते हुए सभी परिवारों को समाज के संगठन से जुड़ने के लिए बैठक में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर नरसिम्हा राव, पी नारायण राव, रामकृष्ण राजू गारु, नरसिम्हा, रवि कुमार, नागराजू, प्रसाद, सुरेश गारू, कृष्णम राजू एवं एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण मौजूद रहे।

# छग ओलंपिक के विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

भोपालपटनम जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बामनपुर में राजीव युवा मितान क्लब छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल 2023 के तहत पुरस्कारों का वितरण गत दिवस किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश कारम जिपं उपाध्यक्ष व अध्यक्ष बसंत राव ताटी जिपं सदस्य भोपालपटनम रहे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। ग्राम के सरपंच सरिता मिचा, उप सरपंच एवं ग्राम प्रमुखों के द्वारा मुख्यातिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। युवा मितान क्लब के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था। जिसके विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदाय किया गया। इस अवसर पर बामनपुर पंचायत के आश्रित गांवों के पटेल, पेरमा, गायता, पुजारी, गांव के प्रमुख और युवाओं को शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। विशेष कर मितानिन एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को गांव के सरपंच एवं उपसरपंच के हाथों से शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कामेश्वर राव गौतम, शालिक राम नागवंशी, अल्वा मदनैया, मिच्चा मुतैया, अफजल खान, यालम राम मूर्ति समेत अन्य जन मौजदू रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मिच्चा समैया, उपाध्यक्ष शंकर मट्टी एवं युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।




### इंटक ने मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



**किरंदुल।** इंटक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एमएमडब्ल्यूयू श्रम संघ के समक्ष निर्मित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति को माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई। इस दौरान 2 मिनट का मौन रखा गया तथा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के त्याग, तपस्या, आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान श्रम संघ सदस्यों के साथ नगर परिवार भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। वक्ताओं ने गांधी जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया तथा महात्मा गांधी अमर रहे के नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम विनोद कश्यप अध्यक्ष इंटक के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता, त्रिलोक बांधे, नथेला राम नेताम, बिजी प्रदीप, जी.रवि, राकेश लाल, सादब जिलानी, पतिराम, एमके मल्लाह, धर्मेंद्र कुमार सोनी, बी. लोहिदास, इमरान सिद्दीकी, संजय सिंह, अगेश्वर साहू, नागनाथ, बंता टांडी, सुनील कुमार नाग, भरत लाल बघेल, ढाल सिंह, सम्पत राम साहू, कोमल साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

### गांधी के पुण्यतिथि पर निकाली नशामुक्ति जागरूकता रैली



**दंतेवाड़ा।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के द्वारा 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नशा मुक्ति दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए। जिसमें जन मानस में तम्बाकू, बीड़ी एवं मद्यपान से होने वाली नशा दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा जिले में लगभग 700 लोगों से संकल्प पत्र एवं शपथ दिलाया गया। जिले के ग्राम पंचायत फरसपाल, कुण्डेनार, कटेकल्याण, कारली, टेकनार में रैली निकाली गई तथा जिला स्तर पर आंवराभाटा स्थित स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल के 200 छात्र-छात्राओं के द्वारा वृहद रैली निकालकर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उप संचालक संतोष टोप्पो, फुलेश सोरी, संतोष रवानी, किरण एक्का, लिलिमंजू टोप्पो, कमल कर्मकार सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### दुर्दशा पर किसी भी दल व जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं

# मुक्तिधाम में अव्यवस्थाओं का आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

लौहनगरी बचेली व किरंदुल के मध्य ग्राम पाड़ापुर में एक मात्र मुक्तिधाम है। जिसका उपयोग पूरे बैलाडीला क्षेत्र के नगर वासी करते हैं। बावजूद इस एक मात्र मुक्तिधाम में अव्यवस्थाओं का अंबार है, इस ओर किसी दल ना ही किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान है।


लोगों की मृत्यु के पश्चात अंतिम संस्कार करने मुक्तिधाम लेकर जाने वाली सड़क भी जिम्मेदारों की लापरवाही से खुद की दुर्दशा पर रो रहीं हैं। लेकिन किसी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी या दल द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दाह संस्कार व शव यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शव वाहन भी हिचकोले खाते हुए ही निकलते है। तमाम सुविधाओं की कमी के साथ-साथ बिजली, पानी, सुरक्षा का भी अभाव है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी ही स्थिति रही तो आगामी समय में दाह संस्कार करना बेहद चुनौती पूर्ण व मुश्किल हो जाएगा।

मुक्तिधाम पर पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है और लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ता है। मजबूरन मिनरल वाटर बॉटल व पाउच मंगवाए जाते हैं, लेकिन गरीब तबके के लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। वही हिंदू मान्यताओं के अनुसार मुक्तिधाम को एक पवित्र स्थल माना जाता है। लेकिन इस मुक्तिधाम की बात करें तो यहां, न तो कोई चारदीवारी है और ना ही मुक्तिधाम के नाम पर कोई भी सुविधाएं।





# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से सम्मानित हुए उमाशंकर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विकासखंड बस्तर में कार्यरत शिक्षक उमाशंकर साहू को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से गत दिवस सम्मानित किया गया। शिक्षक उमाशंकर साहू को प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा में सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से सम्बंधित नवाचार, विज्ञान के रोचक प्रयोगों एवं विभिन्न सहायक सामग्री का निर्माण व उपयोग करने के लिए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान मुख्य अतिथि एम सुधीश सहायक संचालक समग्र शिक्षा, विशिष्ट अतिथि हिमांशु भारती डीईओ रायपुर, अध्यक्षता संजीव सूर्यवंशी संयोजक राष्ट्रीय नवाचारी गतिविधियां समूह एवं डीएमसी डीएस पटले के हाथों दिया गया। इस सम्मान के लिए बीईओ बस्तर अरुण देवांगन, बीआरसी राजेन्द्र ठाकुर, एमडीएम नोडल प्रभारी शैलेन्द्र तिवारी समेत अन्य ने बधाई दी है।

### अहिंसा उत्सव सम्मान एवं समापन समारोह आज

**जगदलपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसावादी सिद्धांतों को आगे बढ़ाने पिछले 6 वर्षों से महाराष्ट्र के वर्धा स्थित सेवाग्राम गांधी आश्रम में अहिंसा के रास्ते शिविर आयोजित की जा रही है, इस सामाजिक शिविर के सफलतापूर्वक 6 वर्ष पूर्ण होने का जश्न अहिंसा उत्सव सप्ताह के रूप में आगामी 25 जनवरी से 31 जनवरी तक देशभर में अनेकों रचनात्मक आयोजन कर मनाया। अहिंसा उत्सव सप्ताह में आप सभी ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके लिए हम सदैव आपके आभारी रहेंगे,अब समय आ गया है कि इस प्रथम अहिंसा उत्सव सप्ताह का समापन भी हम बड़े ही हर्षोल्लास से करें और आने वाले वर्ष में भी अहिंसा उत्सव सप्ताह मनाने की प्रतिज्ञा लें। अहिंसा उत्सव सप्ताह का सम्मान एवं समापन समारोह का आयोजन हमने 1 फरवरी को राजीव भवन प्रांगण में रखा गया है।

## योजना : एनसीसी बोर्ड के स्थापना का मिलेगा लाभ

# एनसीसी कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए नौ कल्याणकारी योजनाएं लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- गेंद सिंह कालेज में एससीसी आफिसर ने दी जानकारी

शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में एनसीसी इकाई एवं कैडेट्स के लिए 9 कल्याणकारी योजनाएं लागू किया जाएगा। योजनाओं में योजना क्रमांक 1 एवं 2 के क्रियान्वयन वर्ष 2022 में लागू कर दिया गया है। योजना क्रमांक 3 से 9 को वर्ष 2026 तक संचालित किया जाएगा।

एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर लिकेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय चारामा के एनसीसी कैडेट्स को धनराशि एवं योजना लाभ सामग्रियों का वितरण कर दिया गया है। योजनाओं के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स को आगे बढ़ाकर उनका सर्वांगीण विकास का लक्ष्य हैं, जिसमे एनसीसी बोर्ड स्थापना योजना के तहत वर्ष 2022 में एनसीसी बोर्ड की स्थापना की गई। एनसीसी पुलअप बीमा स्थापना योजना में एनसीसी कैडेट्स के पुलअप बीमा की स्थापना महाविद्यालय चारामा के मैदान में की गई। एनसीसी यात्रा प्रोत्साहन योजना के तहत सबसे अधिक दूरी तय करके एनसीसी परेड आने वाले एनसीसी बी प्रमाण पत्र के प्रथम वर्ष के एक एसडब्ल्यू एवं एक एसडी कैडेट को एक हजार रूपएं की प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। एनसीसी निःशुल्क एनसीसी पुस्तक प्रदाय योजना, एनसीसी मेधावी कैडेट्स प्रोत्साहन योजना से एनसीसी बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा में यूनिट स्तर संभाग स्तर पर सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले साथ ही आरडीसी एवं टीएससी कैंपों में दिल्ली तक चयनित होने वाले एवं खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक चयनित होने वाले कैडेट्स को एक हजार रूपएं की प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। एनसीसी गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत ऐसे एनसीसी के एक एसडब्ल्यू एवं एक एसडी कैडेट को एक हजार रूपएं की सहायता राशि, जो किराये के घर पर रहते हैं, जिनके पास स्वयं की कोई जमीन न हो। मजदूरी करके परिवार का गुजारा चलता हो तथा घर का कोई भी सदस्य सरकारी लाभ के पद पर न हो। एनसीसी दुर्घटना सहायता योजना के तहत अगर कोई भी एनसीसी कैडेट्स किसी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाता है तो संबंधित कैडेट को उपचार के लिए एक हजार रूपएं की आर्थिक सहायता राशि दिया जाएगा। एनसीसी वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अगर कोई एनसीसी कैडेट 100 औषधीय महत्व के पौधे अपने एनसीसी प्रशिक्षण काल में रहते हुए महाविद्यालय चारामा प्रांगण, परिसर में लगाता है तो ऐसे कैडेट को एक हजार रूपएं की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। एनसीसी कोचिंग सहायता योजना के तहत अगर कोई कैडेट अपने एनसीसी प्रशिक्षण काल में रहते हुए ऑनलाइन, ऑफलाइन माध्यम से एनडीए अथवा सीडीएस की तैयारी करना चाहते हैं और तैयारी के लिए किसी संस्थान में कोचिंग ज्वाइन करते हैं तो उन्हें एक हजार रूपएं की सहायता राशि दिया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### जिला प्रशासन की पहल पर अध्ययन के लिए राशि मिली

**भानुप्रतापपुर।** हमर लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत जी मैन में चयनित छात्रा कु .अनिता नेताम , कु. दीपिका कोरेटी का ट्रिलाईटी नया रायपुर एवं प्रमोद कश्यप, पुरुषोत्तम करंगा का जीजीवी बिलासपुर में चयनित छात्रों को प्रथम वर्ष के लिए ट्यूशन फीस हॉस्टल,फीस,मैस फीस, की राशि को कलेक्टर कांकेर छत्तीसगढ़ तथा मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर,छत्तीसगढ़ के निर्देश पर आवश्यक राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है संबंधित छात्रों को यह राशि एस.एस.कोमरे खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा कार्यालय में प्रदाय किया गया । इस दौरान कार्यालय के लेखापाल , श्री के. पी .गंगराले एवं सहायक ग्रेड 3 ,श्री प्रवीण कुमार रामटेके की उपस्थित रहे।

### फोर्स के जवानों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया



**भानुप्रतापपुर।** 30/01/2024 को सुबह लगभग 0900 बजे सीमा सुरक्षा बल की 81 वी वाहिनी के कैंप चारगांव से लगभग 06 किलोमीटर दूरी पर अंतागढ़ से चारगांव मार्ग में भोजेंद्र कुमार दुग्गा पुत्र धरमु दुग्गा निवासी भैसासुर और डोमन लाल नरेटी पुत्र श्याम सिंह नरेटी निवासी बसला जिला कांकेर के निवासी है, मटियाखार से चारगांव की तरफ मोटरसाईकिल से जा रहे थे उनका वाहन अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे दोनों को गंभीर चोट आई जिसकी सूचना सीमा सुरक्षा बल के कैंप में मिलते ही तुरन्त सुनील कुमार सिंह, सहायक कमान्डेंट ने नर्सिंग असिस्टेंट के साथ एम्बुलेंस लेकर घटना स्थल पर पहुंचे और उनको प्राथमिक उपचार दिला कर अंतागढ़ के सरकारी अस्पताल में सीमा सुरक्षा बल की एम्बुलेंस भेज कर एडमिट करवाया।

### जिले के सभी ब्लाकों में आज से समाधान शिविर

**कांकेर।** जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए जिले के ग्राम पंचायतों में 01 फरवरी से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 फरवरी को अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम पोड़गांव एवं बड़ेतोपाल, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कोरर और बैजनपुरी, चारामा विकासखण्ड के ग्राम बड़ेगौरी और मयाना, दुर्गुकोंदल विकासखण्ड में ग्राम तराईघोटिया और आमाकड़ा, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बाबूदबेना और माटवाड़ालाल, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव और धरमपुर तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम भनसुली और जामगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### निधन

#### ईशरबत्ती कोरेटी



**चारामा।** पदमपुर निवासी ईशरबत्ती कोरेटी जो ग्राम पंचायत किशनपुरी के भूतपूर्व सरपंच रहे, जिनका निधन 30 जनवरी को हो गया। वे सेवानिवृत डेंड पंप मेकेनिक बिसाहू राम कोरेटी के पत्नी थी। अंतिम यात्रा में ग्रामवासी शामिल हुए।

# फोर्स ने निचेकामता स्कूल में चिकित्सा शिविर किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

राकेश सिन्हा, कमांडेंट 81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के आदेशानुसार में सी. ओ. बी. सुरेली द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन पूर्व माध्यमिक/प्राथमिक शाला निचेकामता में किया गया जिसमे स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को जरूरत का सामान बांटे और चिकित्सा जांच कर उनको बांटी दवाइयां। इस कार्यक्रम में सी. ओ. बी. सुरेली के अंतर्गत आने वाले ग्राम- गोदरी, नवागांव और निचेकामता के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री जैसे साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल, स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया गया । जैसे जैसे सुरक्षा कर्मियों द्वारा दिन प्रतिदिन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सिविक एक्शन प्रोग्राम किए जा रहे हैं वैसे वैसे लोगों का विश्वास सुरक्षा बलों के प्रति बढ़ता जा रहा है सिविक एक्शन के साथ साथ बच्चों को सुरक्षा बल में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया । इस प्रोग्राम में सी ओ बी सुरेली के ग्राम निचेकमता में डॉ फैज़ अहमद खान, उप कमान्डेंट (एसएमओ) 81वीं वाहिनी सी सु बल, इंस्पेक्टर राम नारायण मीना (कार्यवाहक कंपनी कमांडर सी ओ बी सुरेली), श्री धीरपाल हुर्राह (पटेल निचेकामता), श्री प्रशांत राय कुंडलिया (प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला निचेकमता), श्री भोजेश्वर जैन (प्रधानापाठक प्राथमिक शाला निचेकामता), और श्रीमती शुशीला यादव (स्टाफ नर्स पीएचसी गोदरी) साथ में स्कूल के बच्चे व ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# बहु भाषा शिक्षण के प्रशिक्षण में स्कूली बच्चों को जोड़े दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार बहु भाषा शिक्षण का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण दुर्गुकोंदल में दो चरणों में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का प्रथम चरण 29 जनवरी को प्रारंभ किया गया, जिसमें 27 संकुल के 84 शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया तथा द्वितीय चरण 30 जनवरी को 85 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा स्कूल के अध्यनरत बच्चों जिनको बहु भाषा में कई गतिविधियां हुई, जिसमें पेड़ लगाओ, ऐसा झिलमिल तारों जैसा, शब्द भंडार, डब्बा गतिविधियां, बच्चों में एकाग्रता लाना, ध्वनि पहचान, ककड़ी मकड़ी लकड़ी, सांकेतिक भाषा का ज्ञान आदि गतिविधियों पर दो चरणों पर सविस्तार प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक के शिक्षकों ने जिला में प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी शिक्षकों को बहुत ही रोचक ढंग से अपने स्थानीय बोलियों जैसे गोंडी व छत्तीसगढ़ी में गीत कहानी के प्रयोग कर बच्चों को स्कूल से कैसे जोड़े रखना है, इसका प्रशिक्षण दिया गया। सदन में प्रशिक्षकों के गोंडी गीत कविता बहुत ही मजेदार वातावरण का निर्माण कर रहे थे। प्रयोग से स्थानीय बोली भाषा में प्रशिक्षकों के द्वारा शिक्षकों को आनंदित किया गया, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूल में अपने बच्चों के साथ गतिविधि कराकर शिक्षा को आगे बढ़ाएंगे। प्रशिक्षक राज नरेटी, पूर्णिमा दुग्गा, टीमन देहारी, जीविता हिड़ामें और रेश्मि दुग्गा रही। प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मडांवी, बीआरसी लतीफ सोम, संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, राजकुमार चंद्राकर, सुखदेव कोड़ोपी, हेमलाल खरे, किशोर विश्वकर्मा, डॉ. धनाजु नरेटी, अनीता ठाकुर, अरविंद चौधरी, सावित्री ठाकुर, श्याम प्रसाद गावड़े, रतिराम खड़हे, धीराज अंधारे आदि उपस्थित रहे।

# छेरछेरा तिहार पर मिले अन्न से बने भोजन को मिल बांटकर खाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों मे छेरछेरा लोकपर्व की धूम दिखी गली मोहल्ले मे बच्चे घर-घर जाकर अन्न की मांग करते देखे गए। इस पर्व को लेकर अंचल मे खासा उत्साह देखा गया। खासकर ग्रामीण अंचलों में जहां बच्चों की टोलियां उत्साह के साथ छेरछेरा पर्व को मनाते हुए घर-घर पहुंचकर अन्न दान लेने पंहुचे। मान्यता है कि इस पुस माह एवं त्योहार पर पर जो भी दान किया जाता है वह महादान होता है। इसका सुखद फल भी प्राप्त होता है।

**आपस में बांटा गया प्रसाद**

भानुप्रतापपुर नगर के तहसील पारा में महिलाओं एवं बच्चों ने गली मोहल्ले के घरों के सामने गोल घेरा बनाकर छेरछेरा गीत गाते हुए नृत्य किया था। जिसमें उन्हें घर वालों द्वारा जो भी दान में नगदी आदि मिले पैसों से सामान इकट्ठा कर भोजन बनाकर आज खाया गया तथा प्रसाद के रूप में एक-दूसरे के घर बांटे। पुन्नी नृत्य किए महिलाओं एवं बच्चों का कहना है कि इस खुशनुमा माहौल में हम सभी एकजुट होकर पुनी दान लेने घर घर में दस्तक देते है। इस परंपरा से भाईचारा की भावना बढ़ती है। उन्हें हर वर्ष पुनी छेरछेरा त्योहार का बच्चों को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन भारी मात्रा मे उन्हें हर घर से धान, चावल व नकद राशि मिलती है। विदित हो कि इस दिन सभी घरों में नया चावल का चीला, चौसेला ,फरा ,दुधफरा, भजिया आदि छत्तीसगढ़ी अन्य व्यंजन बनाया जाता है। इसके अलावा छेर-छेरा के दिन कई लोग खीर और खिचड़ा का भंडारा रखते हैं, जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। इस दिन अन्नपूर्णा देवी की पूजा की जाती है।

मान्यता है कि जो भी जातक इस दिन बच्चों को अन्न का दान करते हैं, वह मृत्यु लोक के सारे बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। इस दौरान मुर्रा, लाई और तिल के लड्डू आदि का वितरण भी किया जाता है।

# कोड़े में अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम में किया छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम प्रा शाला कोंडे में रखा गया था, जिसमें माताएं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया और अपने दैनिक के दिनचर्या के साथ-साथ बच्चों के साथ उनके कौशल और गणितीय कौशल को विकसित किस प्रकार किया जाए इस पर चर्चा किया गया। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत भाषाई कौशल और गणितीय कौशल की गतिविधियों के माध्यम से माताओं द्वारा बच्चों को अपने घर के आंगन में किस प्रकार से उनकी भाषायी कौशल पर और उनकी गणितीय कौशल पर कार्य किया जाए इस पर गतिविधि किया गया और साथ ही शाउमा विद्यालय कोंडे के शिक्षिकाएं धनकुंवर नायक, व्याख्याता यशोदा केसरिया, हिमेश्वरी ठाकुर व्याख्याता के द्वारा माताओं को अंगना में शिक्षा का महत्व बताया गया और उसे पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। प्राथमिक शाला कोंडे के प्रधान पाठक रविंद्र कुमार सलाम के द्वारा सभी माता को अंगना में शिक्षा के तहत कार्य करने के लिए स्मार्ट माता का चुनाव करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में योगेश कुमार मरकाम सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला कोंडे, पुनीत राम पिश्दा व्याख्याता आदि एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं छात्राएं उपस्थित रहे।

# कृमिमुक्त जिला बनाने टास्क फोर्स की बैठक में रणनीति तय



**कांकेर।** जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी व स्कूलों में दर्ज बच्चों को लक्षित कर अल्बेंडाजोल की टैबलेट वितरित करने और शत-प्रतिशत बच्चों को कव्हरेज करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। आयोजित स्वास्थ्य विभाग की टास्कफोर्स कमेटी की बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ 10 फरवरी से किया जाएगा तथा मॉप-अप दिवस 15 फरवरी को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 01 से 19 वर्ष के सभी बच्चों और किशोर-किशोरियों को स्कूल, तकनीकी शिक्षा और आंगनबाड़ी के माध्यम से एल्बेंडाजॉल खिलाकर कृमिमुक्त किया जाएगा। सीएमएचओ ने बताया कि एक से दो साल तक के बच्चों को आधी गोली को चूरा कर खिलाया जाएगा जबकि दो से तीन साल की आयु के बच्चों को पूरी एक गोली पीसकर खिलाई जाएगी। इससे अधिक आयु वालों को एक गोली चबाकर खाने की सलाह दी गई है। जिले के 2 लाख 97 हजार 210 बच्चों को इसकी खुराक दिए जाने का लक्ष्य है, जिससे उन्हें कृमिमुक्त बनाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि गत वर्ष 2023 में जिले में लक्ष्य के विरूद्ध 90.39 प्रतिशत बच्चों को कृमिनाशक अल्बेंडाजोल की खुराक दी गई थी तथा इस साल शत-प्रतिशत बच्चों को इसकी खुराक देने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पुनर्नियुक्त का स्वागत

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने राज्य शासन द्वारा शिक्षा सत्र के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को सत्रांत तक पुनर्नियुक्त आदेश जारी करने पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार माना है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से प्रथम मुलाकात में ही संगठन ने अवगत कराया था कि प्रदेश में शिक्षकों की वैसे ही कमी है ,शिक्षक लगातार सेवानिवृत्त होने बच्चो को योग्य शिक्षक से वंचित होना पड़ रहा है। अनुभवी शिक्षक लगातार बीच सत्र में रिटायर होते जा रहे हैं जिसे देखते हुए शिक्षक संघ ने आग्रह किया था कि सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को सत्रांत तक पुनर्नियुक्ति दिया जावे ,इस हेतु प्रतिवर्ष आदेश करने के बजाय एक स्थाई आदेश जारी हो। राज्य शासन ने सुझाव को यथावत मानते हुए पुनर्नियुक्ति हेतु स्थाई आदेश जारी कर दिया है। जिन शिक्षकों को पुनर्नियुक्ति नही चाहिए केवल वे ही आवेदन करेंगे ,शेष को स्वमेव सत्रांत तक के लिए पुनर्नियुक्ति होगी। इससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुचार के साथ शिक्षकों की कमी की प्रतिपूर्ति भी होगी। शिक्षक संघ ने शिक्षकों की सेवा निवृत्ति आयु बढ़ाए जाने बाबत भी फोल्डर सौंपा है जिस पर विचार विनिमय चल रहा है।

### स्पर्श कुष्ठ जागरुकता परचारामा में हुआ कार्यक्रम



**चारामा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत लोगों में कुष्ठ रोग के प्रति जुड़े कलंक और भेदभाव को दूर कर जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य शासन के संयुक्त प्रयास से सतत विकाश लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कुष्ठ प्रभाव दर कम करने व्यापक जन जागरुकता लाते हुए कुष्ठ मुक्त कांकेर जिला के सपने को साकार करना है। इसी के तहत कलेक्टर के संदेश का वाचन कराते हुए शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर डॉ. जयंत नायर, डॉ. मनीषा कृपाल, आर मण्डावी, सुरेन्द्र दर्रो, ओपी मिश्रा, राजेश मंडावी, विकास नाग व एसीएचसी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

## संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता हुआ समापन

# शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी है : सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल के दूरस्थ अंचल दोड़देकादर संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधायक ने कहा कि जीवन में खेलों का बहुत बड़ा महत्व है और इस क्षेत्र में भी पार संभवानाएं है। खेल से केवल शारीरिक विकास ही नहीं अपितु मानसिक विकास भी होता है।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथ की आसंदी से विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि सफलता प्राप्त किए, उन्हें बधाई दिया साथ ही हारे हुए बच्चों को निराश नहीं होना है, क्योंकि सफलता की पहली सीढ़ी असफलता ही है। पालकों से भी निवेदन किया कि हमारे शिक्षक तो मेहनत कर ही रहे हैं, आपको भी बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि हमारे बच्चे उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर हों। क्षेत्र से विधानसभा में जीत दिलाने पर कहा कि यह मेरी जीत नहीं बल्कि आप सब की जीत है, इसी प्रकार से आने वाले समय में भी आप सब का प्यार व आशीर्वाद बना रहे। प्रतियोगिता में तीन संकुल के 24 शालाओं से लगभग 400 बच्चे व शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए। इस अवसर पर नागसाय तुलावी सभापति एवं सदस्य जनपद पंचायत, सुनाराम तेता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, हुमन मरकाम, सग्गोबाई पुडो सरपंच पंचागी, मुकेश्वरी नरेटी जनपद सदस्य, सरपंच भंडार डिग्गी धनेश नरेटी, जैन पुडो, मुकेश गावड़े, सानू राम दुग्गा, सोनाराम मंडावी, रमेश धुरवा, मन्नू नेताम, दुर्जन दर्रो, नीलकंठ ठाकुर प्राचार्य चिखली, हीरालाल करगा प्राचार्य मंगहुर एवं संकुल हामतवाही के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं, गायता, पटेल, पुजारी उपस्थित रहे।

